BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार 04 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# शिवरामपल्ली में बाबा रामदेव का भव्य मेला कल



## तैयारियां जोरों पर

**हैदराबाद, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के शिवरामपल्ली में गुरुवार, दि. 5 सितंबर को श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, श्री रामदेवरा दरबार मंदिर के तत्वावधान में श्री रामदेव बाबा का भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त विशाल मेले में राजस्थान रुणिचे के बाबा रामदेव जी महाराज का अवतारोत्सव भादवा सुदी के अवसर पर रामदेवरा दरबार में आयोजित होगा । जिसकी तैयारियां जोरों से की जा रही है। गत पांच दिन से बाबा के भक्त आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को सुंदर ढंग से सजा रहे हैं तथा आने वाले भक्तों के लिए पूरी व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं ।

विज्ञप्ति में रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट के श्री श्याम सुंदर गिल्डा ने बताया कि इस बार बाबा के मेले में करीब 2 लाख से ज्यादा भक्तगणों के पहुंचने का अनुमान है। मंदिर को इस बार सुंदर ढंग दुधिया रौशनी से सजा रहे हैं, जिसमें इस बार गन्ने का प्रयोग किया गया है। जो आकर्षन का केंद्र रहेगा।

बुधवार, दि. 4 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे से शिवरमपल्ली से 1100 महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा गाजे -बाजे से निकाली जाएगी। यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा । हैदराबाद के कोने-कोने से आने वाली बाबा के भक्तों की निशान यात्राओं का स्वागत भी किया जाएगा।

मेले में पहुंचने वाले सभी भक्तजनों के लिए श्री रामदेव भक्त मंडल काटेदान के करीब 81 बाबा के लाडले भक्तों द्वारा विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। जिनका भंडारा 5 सितंबर को प्रातः से दिनभर एवं देर रात तक जारी रहेगा। इसी प्रकार का भंडारा श्री रामदेव मित्र मंडल की ओर से भी लगेगा।

धर्मस्य विभाग की मंदिर प्रभारी रमा देवी ने बताया कि मेला महोत्सव में आने वाले भक्तों की सुविधा हेतु सभी सरकारी सुविधा व्यवस्थित की गई है। जिसमें चिकित्सा विभाग की ओर से मंदिर परिसर में एक शिविर अस्थाई तौर पर स्थापित रहेगा। अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निशमन दस्ता मौजूद रहेगा।

इसके अलावा और विभागों को भी इसके लिए अलर्ट किया गया है ताकि मंदिर एवं मेला महोत्सव में पहुंचने वाले किसी भी भक्त को असुविधा न हो। इसी प्रकार मेले की तैयारी को लेकर अत्तापुर पुलिस इंस्पेक्टर वेंकट रामी रेड्डी ने बताया कि मेले में पहुंचने वाले सभी भक्तों की सुविधा के लिए कड़े बंदोबस्त किये गये हैं, उन्होंने कहा कि मेला परिसर में करीब 150 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।






बंजारा कॉलोनी, फलकनुमा में आयोजित तीज कार्यक्रम में भाग लेती हुईं भाजपा नेता माधवी लता। इस कार्यक्रम के संयोजक शंकर नायक थे।



पारीक भवन कोलवावाड़ी में विप्र फ़ाउण्डेशन जोन-16ए आंध्र प्रदेश व अंडमान निकोबार के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पारीक के नगरागमन पर राष्ट्रीय दक्षिण क्षेत्र के महामंत्री भगवान व्यास एवं जोन-16 तेलंगाना के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा व महामंत्री रामदेव नागला ने उनका शॉल व माला से स्वागत किया। इस अवसर पर पारीक बंधुगण आदि उपस्थित थे।

# विट्ठल रूक्मई मंदिर में अमावस्या पर गायत्री हवन पूजा आयोजित





**हैदराबाद, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अमावस्या पर जियागुडा स्थित विट्ठल रूकमा बाई मंदिर में गायत्री हवन पुजा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहर के सप्रसिद्ध समाज सेवी गोपाल बल्दवा, भावसार क्षत्रिय समाज तेलंगाना के अध्यक्ष उमेश जयतने, मंदिर ट्रस्टी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत नीमकर, उपाध्यक्ष जयहिन्द राव बासुतकर, महासचिव बासुतकर, फकीरचन्द रावतकर, शाम नीमकर, चन्द्रकांत पनकगे, सुरेश बनदरे, शीतल नीमकर, कविता बासुतकर व अन्य भावसार सदस्यों ने भाग लिया ।

# भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व : जन्म वांचन आज



**हैदराबाद, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दि. 3 सितंबर को काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ हैदराबाद सिटी संचालित श्री शांतिनाथ मंदिर में भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व गत शनिवार दि. 31-8-2024 से जारी है।यहाँ जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में श्री अचलगच्छ जैन संघ हैदराबाद सिटी संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा एवं मेनेजींग ट्रस्टी पोपटलाल छेडा ने बताया कि शासनरत्न, राष्ट्रसंत, अचलगच्छाधिपति प.पू. आ.भ. श्री गुणसागरसूरीश्वरजी म.सा एवं तपस्-वीरत्न प.पू. आ.भ. गुणोदयसागरस-ूरीश्वजी म.सा., ज्योतिषाचार्य प.पू. आचार्यश्री वीरभद्रसागरसूरिश्वरजी म.सा. की आज्ञा-आशिष से तथा वर्तमान गच्छाधिपति साहित्य दिवाकर सौम्य स्वभावी दक्षिण दीपक प.पू. आ.भ. श्री कलाप्रभसागरसूरीश्वरजी म.सा, सरलस्वभावी प.पू. आचार्यश्री कवीन्द्रसागरसूरीश्वरजी म.सा., आगमोभ्यासी प.पू. महोदयसागरस-ूरीश्वरजी म.सा. के शुभाशिर्वादो से स्वाध्यायप्रेमी प.पू. साध्वीश्री नर-ेन्द्रश्रीजी की शिष्या वात्सल्यवारिधि प.पू. अरूणप्रभाश्रीजी म.सा. की सुशिष्या सरल स्वभावी प.पू. साध-वीश्री कल्परसाश्रीजी म.सा., साध-वीश्री हितदर्शाश्रीजी म.सा., साध-वीश्री योगद्रष्टिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 की चातुर्मास शुभनिश्रा में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का माँगलिक कार्यक्रम भव्यता एवं उत्साह के साथ जारी है।ट्रस्टी अनीष छेडा ने आगे बताया कि पर्युषण महापर्व शनिवार दि. 31 अगस्त से प्रारंभ होकर शनिवार दि. 07 सितम्बर 2024 तक चलेगा । महापर्व में प्रतिदीन प्रातः 9.00 बजे से प्रवचन, दोपहर 11.30 से अक्षयनिधी, समवसरण व 14 पूर्व तप एकासणा, सायं 7.00 बजे से प्रतिमण एवं प्रभुजी की भव्य अंगरचना एवं रात्री 8.00 बजे से भव्याति भव्य भक्ति होगी। पर्युषण महापर्व कार्यक्रम के दौरान भक्ति भावना की रमझट सा.रे.गा.मा.पा. भक्ति ग्रुप संगीतकार योगेशभाई गोसर एन्ड पार्टी भक्ती का रंग जमा रहे हैं। बुधवार दि. 4 सितम्बर को 14 स्वपन के चढावे भगवान जन्मवांचन एवं श्रीसंघ स्वामीव-ात्सल्य रहेगा। श्रीसंघ स्वामिवात्सल्य मातुश्री मंजुलाबेन धनवंतराय छगनलाल महेता परिवार की ओर से रखा गया है । दि. 7 सितम्बर तक सभी कार्यक्रम श्री कच्छी भवन, रामकोट, ईडनबाग मे रहेंगे। शुक्रवार दि. 6 सितम्बर को बारसा सूत्र का वांचन रहेगा, दि. 8 सितम्बर को तपस्वी पारणा एवं श्रीसंघ नवकारशी मातुश्री प्रभाबेन चीमनलाल गाला परिवार गाम छसरा कच्छ की ओर से कच्छी भवन मे रहेंगे।उन्होने आगे कहा कि इस वर्ष के चातुर्मास संघपती का लाभ मातुश्री पुष्पाबेन भवानजीभाई हेणीया हः अ.सौ. यशवंतीबेन ताराचंद हेणिया परिवार ग्राम साभराई कच्छ को प्राप्त हुआ है। पर्युषण महापर्व के दरमियान आयंबील श्रीमती लक्ष्मीबेन मणीलाल जेवत नागडा परिवार द्वारा कराया जा रहा है ।श्री कल्पसूत्र (पोथाजी) घर पर पधराने का लाभ श्रीमती हंसाबेन लहेरचंद टोकरशी लोडाया परिवार, कल्पसूत्र महाराज साहेब को वोहराने का लाभ श्रीमती जेनीबेन हेमांग मणीकांत मोमाया परिवार कच्छ वराडीया को प्राप्त हुआ। वहीं पांच ज्ञान पूजा के चढावे बुलाये गये जिसमे मती ज्ञान : कु. आन्या, मा. मेहान, कु. जीवा गडा परिवार, श्रृत ज्ञान : कु. प्रिशा सागर हेमंत सावला, कु. जीया नावेन्द्र, मा. जीयान गाला हस्ते उर्विबेन हेमंत सावला, अवधी ज्ञान : श्री वंदित, श्री अर्नव मोनिक धरमशी परिवार, मन पर्याय ज्ञान : मातुश्री प्रीतिबेन विनोद नागडा परिवार, केवल ज्ञान : कु. तिथि धवल भरत मारू परिवार को प्राप्त हुआ। श्री अच-लगच्छ जैन संघ के पदाधीकारीयों ने नगरद्वय के सभी धर्मप्रेमीयो से आग्रह किया है कि वे उपरोक्त सभी धार्मीक अनुष्ठानों मे पूर्ण भक्ति-श्रद्धा के साथ सम्मिलित होकर परमात्मा शासन का लाभ प्राप्त करे एवं शोभा बढ़ाने की विनंती।



भादवा सुदी 2, गुरुवार दि. 5 सितंबर, 2024 को रात्रि 8.31 से आयोजित होने वाले श्री बाबा रामदेवजी महाराज के जन्मोत्सव एवं 64वां विशाल जागरण की व्यवस्था के संदर्भ में सोमवार को एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें श्री बाबा रामदेव मित्र मंडल, सिकंदराबाद के अध्यक्ष-गज्जू भाई कोलरिया, उपाध्यक्ष-जवाहरमल जैन, शरद ठाकुर, महामंत्री-धीरेन्द्र कुमार जैन, प्रशांत गुलेचा, उप मंत्री-नीलेश बैद, संजय कटारिया, कोषाध्यक्ष-अजय वर्मा, कमल जैन, सुरेश माली परिहार, सहयोगी मंत्री- विक्रम लोहार, प्रभु सिंह राठौड, राजेश माली, महेन्द्र सिंह सिरवी, सुरेश कोलरिया, सतपाल चौधरी, भगवान माली, पुखराज माली, अम्बालाल माली, कानाराम माली, विजय कोलरिया एवं अन्य ने भाग लिया।



चैतन्यपुरी स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी मंदिर में पर्युषण महापर्व के अंतर्गत श्रीसंघ को पोथी वोहराने का लाभ मधुबेन विजय लोडाया जागीरदार परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्री संघ के ट्रस्टी केशव भाई छेडा, नूतन छेडा, विजय जागीरदार, मधु, गौतम, अपर्णा एवं अन्य।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया खम्मम में बीआरएस विधायक के काफिले पर हमला

## केटीआर ने की निंदा

**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

खम्मम में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी. हरीश राव के काफिले पर हमला कर दिया।यह घटना उस समय हुई, जब हरीश राव पूर्व मंत्री पी. सबिता इंद्र रेड्डी, पुव्वाडा अजय कुमार, पूर्व सांसद नामा नागेश्वर



राव और अन्य के साथ खम्मम शहर के बोक्कलगड्डा और वेंकटेश नगर में हाल ही में प्रभावित परिवारों को आवश्यक वस्तुएं वितरित करने गए थे।

कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बीआरएस नेताओं के दौरे के खिलाफ बीआरएस कार्यकर्ताओं से बहस की।

झड़प हिंसक हो गई, क्योंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरीश राव और अन्य लोगों की कार पर पथराव करना शुरू कर दिया। हमले में हरीश राव की कार क्षतिग्रस्त हो गई।बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने एक बयान में खम्मम में कथित कांग्रेस समर्थकों द्वारा बाढ़ राहत गतिविधियों में शामिल बीआ-रएस नेताओं पर हमले की कड़ी निंदा की।घटना पर गुस्सा जाहिर करते हुए केटीआर ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और कहा कि वह उन लोगों के प्रति असहिष्णुता दिखा रही है जो लोगों की मदद के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

खम्मम में बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान पूर्व मंत्रियों टी. हरीश राव, पुव्वाडा अजय कुमार और पी. सबिता इंद्र रेड्डी के वाहनों को निशाना बनाकर किए गए हमले को कांग्रेस द्वारा हताशा भरा कदम बताया, जो जरूरत के समय लोगों की मदद करने में विफल रही।

उन्होंने कहा, लोगों की सेवा करने के बजाय उन लोगों पर हमला करना शर्मनाक है जो लोगों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले बीआरएस को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के अपने प्रयासों को जारी रखने से नहीं रोक सकते हैं और लोग कांग्रेस सरकार के कार्यों को करीब से देख रहे हैं।



अग्रवाल समाज नाचाराम मल्लापुर शाखा ने हर महीने की अमावस्या अनुष्ठान के भाग के रूप में भाद्रपद अमावस्या पर अन्नप्रसादम का आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर, लक्ष्मी नगर-अन्नपूर्णा कॉलोनी मल्लापुर में किया। सेवा में- सुनील अग्रवाल (उपाध्यक्ष), प्रतीक कुमार नारसरिया (मानद मंत्री),सत्यनारायण गोयल (कोषाध्यक्ष),शिव कुमार दारुका (सलाहकार),सुरेश जीतपुरिया ,प्रवीण जाखनीवाल (अमावस्या संयोजक), अनिल अग्रवाल,वेदप्रकाश मित्तल और अन्य ने भाग लिया।

# भारी बारिश से रेल सेवाएं बाधित

**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दो तेलुगु राज्यों में लगातार बारिश और ऊपर से बाढ़ के पानी के भारी बहाव के कारण, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) नेटवर्क में कई स्थानों पर कुछ रेलवे ट्रैक प्रभावित हुए हैं।

इसके कारण कई ट्रेनें रद्द हो गई हैं और कई रूट बदल दिए गए हैं। केसमुद्रम-इंतिकन्ने, ताड़ला पुसापल्ली-महाबूबाबाद और रायनपडु रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण ट्रेन सेवाओं को रद्द/डायवर्ट करना पड़ा और विजयवाड़ा-काजीपेट रूट पर कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं। इन दो दिनों में करीब 177 ट्रेनें रद्द की गईं, करीब नौ ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की गईं और प्रभावित सेक्शन में प्रतीक्षा से बचने के लिए 103 ट्रेनों को वैकल्पिक रूट से डायवर्ट किया गया। कुछ ट्रेनों के रुकने से ट्रेन में सवार कई यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इस बीच, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा हेल्पलाइन के माध्यम से ट्रेन सेवाओं की जानकारी का व्यापक प्रसार किया गया है। जनता को ट्रेन सेवाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए सिकंदराबाद, विजयवाड़ा और गुंटूर डिवीजनों में हैदराबाद, सिकंदराबाद, काजीपेट, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, राजमुंदरी, गुंटूर, नरसारावपेट, नलगोंडा, मिर्यालगुडा, नंद्याल, डोनाकोंडा, नादिकुडी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं।



एससीआर अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करने के लिए नियमित रूप से संबंधित डीआरएम के साथ बातचीत कर रहे हैं।

एससीआर मुख्यालय-रेल निलयम/सिकंदराबाद और सिकंदराबाद, गुंटूर, विजयवाड़ा के मंडल कार्यालयों में आपातकालीन नियंत्रण कक्ष खोले गए हैं, जहां वरिष्ठ अधिकारियों की एक बहु-विषयक टीम चौबीसों घंटे मौजूद रहती है। भारी बारिश और बाढ़ के पानी के निर्वहन के समय पर पूर्वानुमान की निगरानी के लिए स्थानीय राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखा जा रहा है।

# रेलवे पटरियां क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें रद्द



महबूबाबाद जिले में, खास तौर पर केसमुद्रम, इंटिकन्ना और तल्लापुसाला मार्गों पर भारी बारिश के कारण रेलवे ट्रैक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस व्यवधान के कारण प्रभावित क्षेत्रों में रेल सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। परिणामस्वरूप, दक्षिण मध्य रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है और अन्य के मार्ग में परिवर्तन किया है। क्षति के जवाब में, रेलवे अधिकारियों ने प्रभावित पटरियों पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। लगभग 500 रेलवे कर्मचारियों और श्रमिकों की एक टीम को तेजी से मरम्मत करने के लिए तैनात किया गया है। हालांकि, चल रहे बाढ़ के पानी ने मरम्मत के प्रयासों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है। काम को सुविधाजनक बनाने के लिए बाढ़ के पानी को मोड़ने के लिए खुदाई करने वाली मशीनें लाई गई हैं।

# पारंपरिक चिकित्सा में औषधियों का विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



**हैदराबाद, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दि. 3 और 4 सितंबर 2024 को आयोजित किये जा रहे पारंपरिक चिकित्सा में औषधियों का विकास इस विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ प्रो. वैद्य रबिनारायण आचार्य, महानिदेशक, केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के नेतृत्व में और डॉ. मधु दीक्षित, जे.सी. बोस नेशनल फेलो, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अध्यक्ष (आयुष मंत्रालय) के मार्गदर्शन में तथा मुख्य अतिथि डॉ. श्रीनिवास रेड्डी, निदेशक, सी.एस.आई. आर.-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद के उपस्थिति में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद में सम्पन्न हुआ। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अग्रणी शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के भीतर नई दवाओं के विकास में नवीनतम प्रगति और भविष्य की दिशाओं पर चर्चा करने के लिए एक साथ एक मंच पर लाना है। इस संगोष्ठी में, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक नवीन शोध पद्धतियों, पारंपरिक और आधुनिक प्रथाओं के एकीकरण, और नियामक चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा करेंगे।

डॉ.चंद्रकांत कटियार, इमामी लिमिटेड, आर डी हेल्थकेयर सलाहकार, डॉ. सुदीप्त डे, पूर्व उप औषधि नियंत्रक (भारत) आदि 11 गणमान्य वैज्ञानिक अतिथि वक्ताओं के रूप में उपस्थित हुए हैं। साथ ही पारंपरिक चिकित्सा में प्रयुक्त औषधियों में अनुसंधानात्मक कार्य कर रहे देश भर के जाने-माने वरिष्ठ वैज्ञानिक सम्मलित हुए हैं। इसके आलवा हैदराबाद संस्थान के साथ-साथ आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ देशभर के अन्य संस्थानों कार्यरत और फार्माकोलॉजी, वनस्पति विज्ञान और आयुर्वेद से संबंधित लगभग 50 अधिकारी गण इस संगोष्ठी में वैयक्तिक रूप से और 100 से अधिक वैज्ञानिक ऑनलाइन रूप से जुड़े हुए हैं। डॉ. एन. श्रीकांत, उप महानिदेशक, सीसीआरएएस, नई दिल्ली द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए शुभकामनाएं प्रदान कि है। डॉ. जी.पी.प्रसाद, सहायक निदेशक-प्रभारी के साथ राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद के सभी अधिकारि और कर्मचारि इस सम्मेलन में उपस्थित हो कर इसे सफल बनाने के लिए कार्यरत हैं।




फ्रेंड्स ग्रुप कामाटीपुरा मंगलहाट द्वारा अमावस्या पर अन्नदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, महेश अन्ना, विक्रम, यश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# ब्रह्मचार्य का बल-काटे कर्म दल : साध्वीरत्न धर्मज्योति

**हैदराबाद, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूज्य श्री जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य श्री पुष्करमुनिजी म.सा,श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ.श्री शिवमुनिजी म.सा , महाश्रमण पूज्य श्री जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया श्री शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया श्री चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी श्री धर्मज्योतिजी म.सा , नवदीक्षित साध्वी श्री प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासनोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे है।

यहाँ संघ के मंत्री दिलीप गादिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पुष्कर शील चन्दन दरबार मे संचालक पारस डोसी ने सभी श्रावक-श्राविकाओं ,बाहर क्षेत्रो से पधारे दर्शनर्ति का स्वागत व अभिनंदन किया व पर्वदिराज पर्युषण पर्व की तीसरे दिन शुभकामनाएं दी।

पर्वदिराज पर्युषण के तृतीय दिवस का शुभारंभ साध्वीरत्ना श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा की मुखरबिंद से अंतगड सूत्र के वचन से हुवा. साध्वी श्री प्रियांशश्रीजी म.सा ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि परिग्रह आत्मा को इतना पीड़ित कर रहे जिनका हम्हे अनुभव ही नही होरहा है। आज की आत्मा जो परिग्रह से पीडित है उससे बचने के लिए ना कोई तंत्र है,




ना कोई मंत्र है और ना कोई यंत्र है। साध्वी धर्मज्योतिजी म.सा ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि पर्युषण पर्व के समय तप-जप, साधना-सामायिक करते हुवे हमे आग बढ़ना है। ब्रह्मचर्या के बारे में बताते हुवे कहा कि ब्रह्म मतलब आत्मा और चर्या मतलब रमन और ब्रह्मचर्या का अर्थ है आत्मा में रमण करना. हमारे इस शरीर मे कई हज़ार केंद्रीय स्थापित है जिनमे 7 केंद्र मूल है जिनसे हमारे अंदर वासना की भूख व इच्छा की उत्पत्ति होती है. अपनी नाभि के पास का केंद्र इंसान के अंदर बलशाली और ताकतवर बनाता है. जीवन मे ऐसी बजी शक्ति प्राप्त होती है जब इंसान वासनाओ से ऊपर उठकर सुवसनाओ में जुड़ जाता है. जब यह ब्रह्मचार्य की ऊर्जा हमारे अंदर पहुच जाती है तब हमने जो वासनाएं, पाप की इच्छा की है वो सब सीमित होजाती है और हमे गलत के आगे बढ़ने के लिए रोकती है. ब्रह्मचर्य के पालन और ऊर्जा से हम अपना विकास भी कर सकते है तो पतन भी कर सकते है. जो अच्छा होना है और जो बुरा होना है वो तो होकर ही रहेगा क्यों कि यह सब कर्मो का खेल है.भोग या योग दो रास्ते है। भोग करने वालो के उदहारण नही बनते है पर योग या ब्रह्मचर्य करने व्सको के उदहारण बनते है।

पुष्कर शील चन्दन दरबार में धर्म सभा का संचालन करते हुए चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने कहा कि पर्युषण पर्व आत्मविशुद्धि, संयम,त्याग और आत्मचिन्तन को विकशित करने का अवसर देता है। प्रवचन के बाद श्राविकाओं द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की गई। पर्वादिराज पर्युषण महापर्व के तृतीय दिवस को ब्रह्मचर्य का बल-काटे कर्म दल, चतुर्थ दिवस को दान देता वरदान,पंचम दिवस को अहिंसा का अमृत, छतम दिवस को जीवन को बनाये महोउत्सव, सातवे दिवस को बीज में छुप वट व्रक्ष और पर्युषण के अंतिम दिन रविवार को विश्व शांति का महामंत्र क्षमापना के प्रमुख विषयो पर प्रवचन की श्रृंखला होगी। इसी तरह प्रतिदिन विभिन विभिन प्रतियोगिता रहेगी जैसे गेन गुरु तब ही होगा जीवन शुरू, जैन काड्र्स-विन मार्क्स, धार्मिक अंताक्षरी, महावीर जन्मोत्सव.आगे बताया कि पर्युषण पर्व के आठो दिन प्रातः 8.30 बजे से अंतगड सुत्र का वाचन, प्रातः 09.15बजे से प्रवचन, दोपहर 2.00बजे कल्पसूत्र का वचन, दोपहर 2.45 से प्रतियोगिता एवं सायंकाल सुर्यास्त के बाद प्रतिक्रमण रहेगा। बुधवार 4 सेप्टेम्बर को दया दिवस रहेगा। सम्पूर्ण चातुर्मास में एखस्सना व आयंबिल का लाभ श्रीमान गौतमचन्दजी अजयजी संजयजी श्रीमाल कोठारी परिवार ने लिया। दुव्तीय दिवस के प्रतियोगिता के पुरस्कसर लाभार्थी श्रीमान पीरूलाल मनिष प्रीति नाबेड़ा परिवार और तृतीय दिवस के प्रतियोगिता के पुरस्कार के लाभार्थी श्रीमान पूनमचन्द रोनक सौरभ रांका परिवारों ने लाभ लिया। कार्यक्रम के पश्चात श्रीमान भागचंद ज्ञानचंद कोचेटा, श्रीमान नवरतनम उत्तमचन्द कोठारी, श्रीमान बंसीलाल दिलीपकुमार धारीवाल, श्रीमती बादामीदेवी वंशराज सिंघवी एवं श्रीमान लालचंदजी पारसमलजी भंसाली परिवार वालो की और से प्रभावन दी गई। धर्म सभा में त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों से कई धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकये उपस्थित थे।

# घांसी बाजार झुला शाखा की सावन की सैर सम्पन्न

**हैदराबाद, 3 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा की सावन की सैर स्वर्णगिरी मन्दिर, गोल्डन लिंगम मन्दिर व भोनगिरी में वाईएसआर गार्डन में सम्पन्न हुई।

सैर का शुभारंभ 150 सदस्यों ने भाग लिया। सर्वप्रथम गोल्डन लिंगम मन्दिर में पहुंच कर दर्शन कर वहां से वाई एस गार्डन भोनगिरी में खेल-कूद प्रतियोगी कार्यक्रम शाखा की महिला समिति की मुख्य संयोजिका शर्मिला अग्रवाल, मीना अग्रवाल व पूजा संघी द्वारा खिलाए गये तथा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

सैर के दौरान लक्की ड्रॉ भी निकाल कर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान को चांदी के सिक्कों से पुरस्कृत किया गया। सभी सैलानियों ने सैल के दौरान डीजे पर संगीत व धमाल का भरपूर आंनद उठाया। तत्पश्चात हाई टी व रात्रि भोजन ग्रहण कर स्वर्णगिरी मन्दिर में पहुंच कर झिलमिल रोशनी में तिरुपति बालाजी व अन्य देवी देवताओं के दर्शन किया गया तत्पश्चात हैदराबाद वापसी के लिए बसों द्वारा प्रस्थान किया गया। सैर के अंतर्गत शाखाध्यक्ष गोविन्द राम पचेरिया,





उपाध्यक्ष योगेन्द्र कटारुका, मानद मंत्री सज्जन अग्रवाल बायॅवाला, प्रधान संयोजक अनिल धरसुवाला, सहसंयोजक अशोक सौलानावाला, मनोज गौशाला वाला, हरिनारायण अग्रवाल, व कार्यकारिणी सदस्यों में पवन अग्रवाल सौलानावाला, मनोज पचेरिया, सम्मिलित थे। शाखा के गणमान्य सदस्यों में भजनलाल अग्रवाल पचेरीया, बजरंग लाल अग्रवाल पचेरीया, महेश कुमार कानोड़िया, महेंद्र बलौदावाला, रामजीवन अग्रवाल, महेश अग्रवाल नारनौली, गोपाल दास अग्रवाल , शिवशंकर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल टाटाराजा व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी सम्मिलित थे।

# शिव शक्ति की पूजा एवं रुद्राभिषेक आयोजित

**हैदराबाद,03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री प्राचीन गणेश घाट मंदिर, राम सिंह पुरा स्थित श्री शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार, 2 सितंबर, 2024 को सायं 5 से 8 बजे तक भक्तों के सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र आदि अर्पित कर खास शिवमंत्रों से रुद्राभिषेक और हवन का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। पंडित जीवेश महाराज और अन्य महाराजों ने पूजा का कार्यक्रम संपन्न करवाया।

देशभर में सावन के आख़िरी सोमवार के



दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग जाती है। इस दिन जलाभिषेक का विशेष महत्व होता है। रात्रि आठ बजे से श्री बी. राजू सिंह (जिनके तन पर भगवान शिव शक्ति के दर्शन होते हैं।) और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता बाई के निवास स्थान न्यू राम सिंह पुरा पर शिव शक्ति दर्शन, तीर्थ और प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर लिए गये चित्रों में काछी संघ राम सिंह पुरा सोसायटी के फ़रवरी, 2025 से निर्वाचित अध्यक्ष श्री ए. सुरेंदर सिंह अध्यक्ष पद को सुशोभित करेंगे, उनका और श्री ठाकुर गोविंद सिंह (गोविंद अक्षय) का श्री डीजे बी.शिवा सिंह सुपुत्र बी. राजू सिंह ने पुष्पमालाओं से सम्मान किया। कार्यक्रम में श्री एच. मुन्ना सिंह, श्री एच. दीपेश सिंह, श्री पी. राजेंदर सिंह, श्री जी. धनराज सिंह, श्री एन. दिलदार सिंह, श्री एच. शिव कुमार, श्री पी. किशोर सिंह, श्री ए. जेवर सिंह, श्री एच. प्रहलाद सिंह, श्री बी. राजेश सिंह, श्री एच. राम सिंह, श्री बी. नरेंदर सिंह आदि।

# आंध्र प्रदेश में बाढ़ : नायडू ने अफसरों को खाद्य वितरण में चूक पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**अमरावती, 03 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में, विशेषतौर पर विजयवाड़ा में अप्रत्याशित बारिश और सैलाब के बाद राहत कार्य और बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए सभी अधिकारियों को कुशलता से काम करने का मंगलवार को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर रहे हैं और 'इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम' (आईवीआरएस) के माध्यम से लोगों से सीधे प्रतिक्रिया ले रहे हैं। एनटीआर जिला कलेक्ट्रेट में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, लोगों को परेशानियां हो रही हैं। सांप और बिच्छू ऊपरी मंजिलों पर स्थित घरों में भी घुस रहे हैं। मैं आईवीआरएस से बात कर रहा हूं और मुझे सूचना मिल रही है कि कुछ स्थानों पर खाद्य सामग्री नहीं पहुंच रही है। इस अवसर पर आगे आएं और मानवता के साथ काम करें।

उन्होंने कहा कि वह आईवीआरएस के माध्यम से प्राप्त संदेशों को सीधे अधिकारियों को फोन नंबरों के साथ भेज रहे हैं। उन्होंने लोगों से सही जानकारी देने की अपील की। नायडू ने कहा कि



वास्तविक समय पर सूचना भेजने से उन्हें कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों को जमीनी स्तर पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर कीमत पर अंतिम व्यक्ति तक खाद्य वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिया और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की चूक होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित विजयवाड़ा के अजीत सिंह नगर में लोग राहत सामग्री लेकर आ रहे वाहनों पर भीड़ लगा रहे हैं। नायडू ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वाहनों को मुख्य केंद्रों पर ही रोक दें तथा सामग्री प्रत्येक वार्ड सचिवालय तक पहुंचाएं ताकि अंतिम व्यक्ति तक खाद्य और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण कुशलतापूर्वक किया जा सके। एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, हाल में हुई मूसलाधार बारिश के कारण 2,684 किलोमीटर लंबी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान पहुंचा है जिससे 20 जिलों के किसान प्रभावित हुए। विजयवाड़ा में मंगलवार तक 323 ट्रेन रद्द कर दी गईं, 170 रेल गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया तथा 12 ट्रेन आंशिक रूप से रद्द की गईं। राज्य भर में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 6.4 लाख हो गई है और 190 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। राहत शिविरों में 44,041 लोगों को रखा गया है। नौसेना के दो और वायुसेना के तीन हेलिकॉप्टर खाद्य सामग्री गिरा रहे हैं और फंसे हुए लोगों को निकाल रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हेलिकॉप्टर ने अब तक 4,870 किलोग्राम खाद्य सामग्री गिराई है और 21 लोगों को बचाया है। इस बीच, जलभराव और बिजली कटौती के मद्देनजर सोमवार से अजीत सिंह नगर इलाके में कई परिवारों ने अस्थायी रूप से अपने घर खाली करने शुरू कर दिए हैं। अजीत सिंह नगर में बिजली कटौती तीसरे दिन भी जारी है, जबकि कुछ स्थानों पर पानी का स्तर कम हुआ है। अजीत सिंह नगर क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्वेच्छा से आगे आए पूर्व पुलिस अधिकारी हरि कृष्ण ने कहा कि कुछ निजी व्यक्ति सरकार को नाव दिए बिना पैसे वसूलने में लगे हुए हैं। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

विभाग ने कहा, पांच सितंबर के आसपास पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। विभाग ने मंगलवार के लिए उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा का अनुमान जताया है।

# आईटीबीपी जवानों ने दुनिया का सबसे ऊंचा ट्रैक पार किया

**उत्तरकाशी, 03 सितंबर (एजेंसियां)।**

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के जवानों ने विषम परिस्थितियों में दुनिया के सबसे ऊंचे ट्रैक कालिंदीखाल-बदरीनाथ ट्रैक (19495 फीट) को सफलतापूर्वक पार किया है। आईटीबीपी के इस दल में गाइड सहित 17 जवान शामिल रहे।


ट्रेकिंग एजेंसी से जुड़े गाइड सूर्य प्रकाश ने बताया कि 12 अगस्त को भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल का एक 17 सदस्यीय दल 12 अगस्त को कालिंदीखाल-बदरीनाथ ट्रैक के लिए रवाना हुआ। बल के जवान मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त ट्रैक से होते हुए रक्तवन, खड़ापत्थर होते हुए कालिंदी बेस से कालिंदीखाल पास पहुंचे।

यह पास समुद्रतल से करीब 19 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर है। यह पास पूरी तरह क्रैवास के ऊपर बना हुआ है। आईटीबीपी के जवानों ने 22 से 23 अगस्त को कालिंदीखाल



पास को पारकर करीब 80 बर्फीले नालों को पार कर गस्तोली होते हुए 30 अगस्त को बद्रीनाथ पहुंचे। सूर्यप्रकाश ने बताया कि उन्होंने अपने गाइडिंग जीवन के अनुभव में छठवीं बार कालिंदीखाल-बदरीनाथ ट्रैक पार किया है, लेकिन यह अनुभव सबसे अलग था।

यह ट्रैक ऐसे समय में पार किया गया, जब गंगोत्री ग्लेशियर में इस समय पर्वतारोहण के लिए गोमुख-तपोवन ट्रैक क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद रखा गया है। यह आरोहण बल के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस का जीता जागता उदाहरण है। हालांकि गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक आरएन पांडेय का कहना है कि यह आईटीबीपी का अधिकारिक और रूटीन कार्यक्रम था।



# केसर के लिए प्रसिद्ध पंपोर में चुनावी मुद्दा केसर की घटती पैदावार

**जम्मू, 03 सितम्बर (ब्यूरो)।**

इस विधानसभा चुनाव में अधिकतर विधानसभा क्षेत्रों में जहां विकास और बेर-ोजगारी मुख्य चिंता का कारण है पर केसर क्यारियों के लिए प्रसिद्ध पंपोर में विश्व की सबसे महंगी फसल केसर की लगातार घटती पैदावार मुख्य चुनावी मुद्दा है।

जैसे-जैसे 2024 के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पंपोर निर्वाचन क्षेत्र राजनीतिक गतिविधियों और मतदाताओं की चिंताओं से भरा हुआ है। 14 उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने से, चुनाव में कई बड़े मुद्दे दांव पर लगे होने के साथ ही एक भीषण लड़ाई होने की संभावना है। इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मुख्य चिंता केसर उद्योग की गिरावट है।

2009 में राष्ट्रीय केसर मिशन में रू400 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली केंद्र सरकार की पहल के बावजूद, स्थानीय किसानों की रिपोर्ट है कि निर्मित 90 बोरवेल में से कई काम नहीं कर रहे हैं, जिससे केसर के खेतों में महत्वपूर्ण सिंचाई नहीं हो पा रही है। पंपोर निवासी गुलजार अहमद ने केसर उद्योग को पुनर्जीवित करने में विफल रहने के लिए पिछली निर्वाचित सरकारों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वादा किए गए लाभ साकार नहीं हुए हैं। मतदाताओं की हताशा शहर की कथित उपेक्षा तक फैली हुई है। स्थानीय मतदाता जाविद अहमद ने वंशवादी राजनीति और पंपोर के बजाय अवंतीपोरा में एम्स बनाने के फैसले पर असंतोष व्यक्त किया, जो एक महत्वपूर्ण स्थानीय शिकायत रही है।



परिसीमन प्रक्रिया ने परिगाम गांव को पंपोर निर्वाचन क्षेत्र में शामिल कर दिया है, जिससे 3,000 से अधिक नए मतदाता जुड़ गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग में लंबे समय से अस्थायी कर्मचारी अब्दुल रशीद ने उच्च बेरोजगारी दर और कृषि के पतन को दबावपूर्ण मुद्दों के रूप में उजागर किया। उन्होंने इन चिंताओं को दूर करने के लिए नेतृत्व में बदलाव की मांग की। काकापोरा में, निवासी खराब सिंचाई प्रणाली, अपर्याप्त सड़क रखरखाव और स्वच्छ पेयजल तक सीमित पहुंच से जूझ रहे हैं। आगामी चुनाव को आवश्यक विकास के लिए एक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। ख्रेव क्षेत्र में, सीमेंट उद्योगों से प्रदूषण और खदान प्रतिबंध को हटाना गंभीर मुद्दे बनकर उभरे हैं।

लाधू गांव के जाविद अहमद वानी सहित स्थानीय निवासी मांग कर रहे हैं कि उम्मीदवार इन पर्यावरणीय और आर्थिक चिंताओं को दूर करें। पंपोर विधानसभा क्षेत्र में 1,00,383 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 49,697 पुरुष, 50,680 महिलाएं और 6 ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल हैं। सुचारू मतदान की सुविधा के लिए, अधिकारियों ने पूरे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 120 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। इस बीच, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पंपोर के मतदाता उत्सुकता से देख रहे हैं कि उम्मीदवार उनके ज्वलंत मुद्दों और अधूरी मांगों को कैसे संबोधित करेंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के जहूर अहमद मीर, जिन्होंने 2003 से लगातार तीन बार पंपोर का प्रतिनिधित्व किया है, एक बार फिर चुनाव लड़ रहे हैं। 2014 के विधानसभा चुनावों में, मीर ने नेकां के यावर अली अब्बास मसूदी को 3,498 मतों के अंतर से हराया था, 2008 में कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद अनवर भट पर 5,148 मतों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने के बाद। इससे पहले उन्होंने 2002 के उपचुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, 2024 के चुनाव मीर के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के बीच नवगठित गठबंधन से पीडीपी के लिए यह चुनाव विशेष रूप से कठिन होने की उम्मीद है।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 82,555.44
-4.40 -0.01% ↓
एनएसई :25,279.85
1.15 (0%) ↑

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,330/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 83,790/- (प्रति किलोग्राम)

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 27°
न्यूनतम : 23°

# सीबीआई की चार्जशीट पर केजरीवाल और पाठक को समन




**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत राउज ऐवन्यू कोर्ट ने 11 सितंबर तक बढ़ा दी है।

दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में आपा नेता दुर्गेश पाठक, अमित अरोड़ा, आशीष माथुर, पी शरद रेड्डी, विनोद चौहान को भी आरोपी के रूप में समन जारी किया। राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। इसी मामले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश करने का निर्देश दिया है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर की रिहाई का आदेश जारी किया। बीते दिन ही कोर्ट ने नायर को जमानत दे दी थी।

# अगस्त में भी आतंकी हिंसा से मुक्ति नहीं मिली

**जम्मू, 03 सितम्बर (ब्यूरो)।**

अगस्त महीने में भी आतंकी हिंसी ने जम्मू कश्मीर का पीछा नहीं छोड़ा। अगस्त में आतंकी घटनाओं में 11 मौतें हुईं। अगस्त के महीने में जम्मू कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के लोग हताहत हुए। संयुक्त बलों ने पूर्ववर्ती राज्य के विभिन्न हिस्सों में मुठभेड़ों के साथ एक चुनौतीपूर्ण महीने का सामना किया।

आंकड़ों से पता चलता है कि सेना के एक कैप्टन और केरिपुब के एक इंस्पेक्टर सहित कुल 4 सुरक्षाकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी। इसके



अलावा, एक नागरिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इसके अलावा, 4 सैनिक और एक ग्राम रक्षा गार्ड सदस्य भी आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में घायल हुए। दूसरी ओर, संयुक्त बलों ने सोपोर में गोलीबारी में मारे गए एक अज्ञात आतंकवादी सहित कम से कम 5 आतंकवादियों को मार गिराया। इन 5 आतंकवादियों में से 3 घुसपैठिए थे। संयुक्त बलों ने उत्तरी कश्मीर के तंगधार और मच्छेल सेक्टरों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कई कोशिशों को भी नाकाम कर दिया। कोकरनाग, उधमपुर, डोडा, कुपवाड़ा और राजौरी सहित विभिन्न स्थानों पर मुठभेड़ हुई। बीएसएफ कर्मियों ने सांबा क्षेत्र में एक कथित घुसपैठिए को भी मार गिराया। इस महीने में कुल 9 मुठभेड़ें हुईं, जिसमें कई स्थानों पर आतंकवादियों और संयुक्त बलों के बीच गोलीबारी हुई। संक्षेप में, जम्मू और कश्मीर में अगस्त महीने में 11 लोगों की मौत हुई, जिसमें एक घुसपैठिया, 3 सैनिक, एक नागरिक, 2 आतंकवादी, एक सीआरपीएफ अधिकारी और 3 घुसपैठिए शामिल थे।

# कर्नाटक में डेंगू बुखार महामारी घोषित

**बेंगलुरु, 03 सितंबर (एजेंसियां)।**

कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को राज्य में डेंगू बुखार को महामारी के रूप में अधिसूचित किया है। इसमें इसके सभी स्वरूप शामिल हैं। इसके अलावा, कर्नाटक महामारी रोग विनियम 2020 में संशोधन के लिए नियम बनाए गए हैं।



राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई तक डेंगू के 7362 मामले दर्ज किए गए हैं। डेंगू से निपटने के लिए कार्य योजना का एलान करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, इस साल अब तक 7,362 डेंगू के मामले दर्ज किए गए हैं। अब तक सात लोगों की मौत हुई है। डेंगू के मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में दस बेड रखने को कहा गया है। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को मच्छरदानियां प्रदान की जाएंगी। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है और सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमने सभी विभागों को डेंगू के स्रोतों को कम करने का सख्त निर्देश दिया है। हमने आशा कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को घर-घर जाने के लिए कहा है। सरकार पूरे समय काम कर रही है। हमारा मकसद मच्छरों के प्रसार को रोकना है और इससे होने वाली मौतों को रोकना है।

# एटीएम लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## यूट्यूब से सीख कर दिया था वारदात को अंजाम

**अजमेर,03 सितंबर (एजेंसियां)।**

अजमेर जिले के किशनगढ़ स्थित मार्बल सिटी हॉस्पिटल में एटीएम लूट की वारदात के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एटीएम लूट की वारदात यूट्यूब से सीखकर अंजाम दी थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

अजमेर जिले की गांधीनगर थाना पुलिस ने एटीएम को गैस कटर से काटकर लूट के वारदात का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि लगातार हो रही चोरी, नकबजनी, लूट और डकैती जैसी गंभीर



अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मार्बल सिटी हॉस्पिटल किशनगढ़ में लगे एटीएम में गैस कटर की मदद से लूट की वारदात देने वाले तीन आरोपियों को धर दबोचा। आरोपी एटीएम में रखी चार लाख 73 हजार रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गए थे। अजमेर एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि तीनों कुख्यात मेव गैंग के हैं। जिनमें साजिद, राशिद उर्फ युसूफ और फिरोज उर्फ जान मोहम्मद है। अजमेर एसपी ने बताया कि सीसीटीवी संभालने के बाद इन तीनों ही आरोपियों को चिह्नित किया गया और पकड़ लिया गया, इनके पास से वारदात मे प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गई है। वहीं, आरोपियों द्वारा एटीएम से लूटी गई रकम के संबंध में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।


DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Jhalu Devi M/o Dilip Shah, R/o V&P-Gogri, Ward. No.7, Khagaria, Bihar-851202, have changed my name from **JHALU DEVI** to **JHALO DEVI** and DOB from **01-07-1952** to **22-11-1959**, vide affidavit dt.3-9-2024 before Sec-bad court

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Bramdeb Shah F/o Dilip Shah, R/o V&P-Gogri, Ward. No.7, Khagaria, Bihar-851202, have changed my name from **BRAMDEB SHAH** to **BARHAMDEO SHAH** and DOB from **01-07-1944** to **01- 07-1952**, vide affidavit dt.3-9-2024 before Sec-bad court

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, USHA DEVI Spouse of Service No. SC-01033X Maj MUKESH KUMAR, R/o. Sanjay Nagar No.3, (Bindukhatta), Lalkuan, Nainital, Uttarakhand-262402 have changed my name and DOB from **USHA DEVI**, DOB:**17-10-1988** to **USHA**, DOB:**17-10-1987** vide affidavit dt:3-9-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. JC 704883Y Sub SANTHOSHMON K, R/o.Kaniyara House, Poovalamkai, Puthariyadukkam (Po),Nileshwar (Via), KasaragodDist, Kerala -671314 of 454 Field Hospital, C/o.56 APO have changed my name from **SANTHOSHMON K** to **SANTHOSH MON K** vide affidavit dt:3-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, VIDYATAI Spouse of Service No. 15415344W Hav KALAKE SACHIN RAJARAM, R/o.Qtr No.218/4, Meadows Line, Secunderabad have changed my name from **VIDYATAI** to **KALAKE VIDYATAI SACHIN** vide affidavit dt:3-9-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Secunderabad.

# रेवंत रेड्डी ने केन्द्र से तत्काल 5438 करोड़ रुपए जारी करने का किया आग्रह




**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केन्द्र सरकार से राज्य में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान के लिए तत्काल 5438 करोड़ रुपए जारी करने का आग्रह किया।

राज्य के कई हिस्सों में पिछले चार दिनों में हुई भारी बारिश के कारण 16 लोगों की मौत हो गयी है और हजारों घर अभी भी जलमग्न हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य में हुई भारी और नुकसान के मद्देनजर इस स्थिति में राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह किया है।सोमवार शाम को सूर्यपेट और खम्मम जिलों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने वाले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि भारी बारिश के कारण 16 लोगों की जान चली गई है और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 5,438 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य को हुए नुकसान के लिए तत्काल 5,438 करोड़ रुपए की अस्थायी राहत जारी करने का आग्रह किया, क्योंकि हजारों घर अभी भी पानी में डूबे हुए हैं और परिवारों ने अपना सब कुछ खो दिया है।पुराने खम्मम, वारंगल और नलगोंडा जिलों में भारी नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा कि लाखों एकड़ में फसलें बर्बाद हो गई हैं, नहरें और तालाब टूट गए हैं, सड़क नेटवर्क कट गया है और बिजली के सबस्टेशन और बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

सरकार को जानकारी मिली है कि आदिलाबाद, निर्मल और निजामाबाद जिलों में और बारिश होगी, उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने में व्यस्त है और सामान्य स्थिति बहाल होने के बाद नुकसान का विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। प्रभावित किसानों को तत्काल 10,000 रुपए प्रति एकड़ की सहायता दी जाएगी, मवेशियों के नुकसान पर 50,000 रुपए और बकरियों और भेड़ों के मरने पर 5000 रुपए दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को सतर्क रहने और एक-दूसरे के साथ समन्वय करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी कठिन समय में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और सवाल किया कि मुख्य विपक्षी दल (बीआरएस) के नेता चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। बाढ़ राहत के लिए लूटे गए सार्वजनिक धन में से 1000 करोड़ रुपए या 2000 करोड़ रुपए का योगदान दें।

रेड्डी ने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में राजनीतिक लाभ महत्वपूर्ण नहीं है।

उन्होंने व्यापारियों और स्वयंसेवी संगठनों से बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत प्रत्येक घर के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए मांगे। उन्होंने प्रधानमंत्री से बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का आग्रह किया, ताकि सड़क नेटवर्क, रेलवे लाइनों, घरों, फसलों और पशुधन को हुए नुकसान का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लिया जा सके।

अपने दौरे के दौरान, सीएम ने खम्मम जिले में कई बाढ़ प्रभावित कॉलोनियों का दौरा किया और पीड़ितों को सांत्वना दी।बाढ़ प्रभावित जिलों में क्षेत्र के दौरे के तहत, मुख्यमंत्री हैदराबाद से सबसे पहले सूर्यपेट पहुंचे और मोथे मंडल में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की।बाद में, सीएम खम्मम जिले में पहुंचे और नायकन गुडेम में पलेयर नहर के टूटने और सड़क के नुकसान का निरीक्षण किया।मुख्यमंत्री ने पलेयर की ढही हुई बाईं नहर का निरीक्षण किया और फिर खम्मम पहुंचे, जहां उन्होंने मुन्नेरु वागु में भारी बाढ़ के कारण जलमग्न पोल्लेपल्ली, पड्डा थांडा और बोक्कलगड्डा कॉलोनियों का दौरा किया और क्षतिग्रस्त घरों का निरीक्षण किया।

चूंकि राज्य में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है, इसलिए सीएम ने कहा कि वे मुख्य सचिव, डीजीपी, आपदा प्रतिक्रिया आयुक्त और कलेक्टरों के साथ लगातार बाढ़ की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं।

## सरकारी कर्मचारियों ने बाढ़ पीड़ितों को 100 करोड़ रुपए दान किए

**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार के कर्मचारियों ने भारी बारिश के कारण राज्य भर में आई विनाशकारी बाढ़ के जवाब में उल्लेखनीय उदारता दिखाई है, खासकर खम्मम जिले में।

बाढ़ के कारण कई लोग फंसे हुए हैं, उनके पास भोजन या पानी नहीं है और उन्हें सहायता की सख्त जरूरत है।बाढ़ पीड़ितों की दुर्दशा से आहत, तेलंगाना सरकार के कर्मचारियों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि वे मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन का मूल वेतन दान करेंगे। इस सामूहिक योगदान से कुल 100 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।दान में कर्मचारियों, राजपत्रित अधिकारियों, शिक्षकों, मजदूरों, ठेका श्रमिकों, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनभोगियों जैसे विभिन्न समूहों का योगदान शामिल है। सभी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से अपील की है कि वे अपने सितंबर के वेतन से यह राशि काटकर सरकारी खजाने में जमा करें।जेएसी के अध्यक्ष वी. लच्छी ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए इसे नई राज्य सरकार के गठन के बाद सबसे खराब आपदा बताया। आम नागरिकों, बाढ़ पीड़ितों और सार्वजनिक हस्तियों सहित विभिन्न तिमाहियों से मिले समर्थन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई है। इस बीच, विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भी मदद के लिए आगे आई हैं।

वैजयंती मूवीज के प्रमुख अश्विनी दत्त ने आंध्र प्रदेश को 25 लाख रुपये का दान देने की घोषणा की, जबकि टॉलीवुड स्टार जूनियर एनटीआर ने बाढ़ पीड़ितों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में 50-50 लाख रुपये देने का वादा किया। अभिनेता विश्वक सेन ने भी राहत प्रयासों के लिए 5 लाख रुपये का योगदान दिया। सरकारी कर्मचारियों और जनता दोनों के इस सामूहिक प्रयास ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को बहुत जरूरी राहत प्रदान की है।

## आंध्र और तेलंगाना में बारिश से 35 लोगों की मौत, नायडू ने राष्ट्रीय आपदा का दर्जा मांगा



**अमरावती, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिछले तीन दिनों में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में हुई अप्रत्याशित बारिश और बाढ़ के कारण 35 लोगों की मौत हो गई है, बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, कृषि भूमि का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और लोगों को बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।दोनों राज्य बारिश से होने वाली तबाही के बाद राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं।आंध्र प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण 19 लोगों की जान चली गई है, जबकि तेलंगाना में 16 लोगों की मौत हुई है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घोषणा की कि उन्होंने केंद्र सरकार से बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा के रूप में वर्गीकृत करने का अनरोध किया है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में आई बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। नायडू ने एनटीआर जिला कलेक्ट्रेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह सबसे गंभीर आपदा है जिसे मैंने देखा है। हमने हुदहुद तूफान और तितली चक्रवात जैसी घटनाओं का सामना किया है, लेकिन यहां मानवीय पीड़ा और संपत्ति का नुकसान उन घटनाओं से कहीं अधिक है।

## खम्मम में बाढ़ के लिए अतिक्रमण जिम्मेदार



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने खम्मम जिले में भारी बाढ़ के लिए क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया है।श्री रेड्डी ने मंगलवार को जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियरों के साथ परामर्श के बाद मुनेरू धारा की रिटेनिंग दीवार को ऊंचा किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के समन्वय में मानचित्रण अभ्यास के बाद अतिक्रमण हटा दिये जाएंगे। जिले में अभूतपूर्व 42 सेमी बारिश दर्ज की गयी, जो इसके इतिहास में पहले कभी नहीं देखी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के हाई-अलर्ट उपायों ने बाढ़ के कारण होने वाले जान-माल के नुकसान को कम करने में मदद की है।अपनी निराशा व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ पर टिप्पणी के लिए पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता हरीश राव की आलोचना की। उन्होंने हरीश राव से अपने साथी बीआरएस नेता पुव्वाडा अजय कुमार द्वारा अतिक्रमण के मुद्दे को संबोधित करने का आग्रह किया, जिन्होंने कथित तौर पर अतिक्रमित भूमि पर एक अस्पताल का निर्माण किया था। मुख्यमंत्री ने हरीश राव से ऐसे अवैध निर्माणों को हटाने की वकालत करने का आह्वान किया। रेड्डी ने आगे बताया कि राज्य सरकार ने सहायता के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने महबूबाबाद जिले के सीताराम नायक थांडा का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थिति को प्रकृति के प्रकोप का दुखद परिणाम बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि सरकार ने नुकसान को कम करने के लिए उपाय किए हैं, लेकिन अभी भी जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला कलेक्टर को स्थिति का आकलन करने और सीताराम नायक थांडा सहित तीन तांडों को ग्राम पंचायत का दर्जा देने पर विचार करने के लिए सरकार को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इंदिराम्मा आवास योजना के तहत तीन तांडों के निवासियों के लिए नए घर बनाने के आदेश जारी किए जाएंगे। बाढ़ पीड़ितों को अगले 10 दिनों तक आवश्यक आपूर्ति प्रदान की जाएगी, और कलेक्टर को बाढ़ के कारण महत्वपूर्ण दस्तावेज खोने वालों की सूची तैयार करने और उन्हें आवश्यक प्रतिस्थापन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण करने के बाद, रेड्डी ने कहा कि वे भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ मिलकर राज्य सड़क और भवन प्राधिकरणों को स्थायी समाधान की सिफारिश करेंगे।

## एसीबी नेट में महबूबनगर उप राज्य कर अधिकारी



**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को महबूबनगर में सहायक वाणिज्यिक कर कार्यालय (एसीटीओ) के उप राज्य कर अधिकारी दिन्ने वेंकटेश्वर रेड्डी को बीज और स्क्रैप व्यवसाय चलाने के लिए जीएसटी लाइसेंस जारी करने के लिए एक शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में पकड़ा। रेड्डी ने महबूबनगर शहर के मारलू में वीडीएन ट्रेडर्स के नाम पर व्यापार करने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की। एसीबी अधिकारियों ने रेड्डी के कब्जे से दूषित रिश्वत राशि बरामद की। एसीबी अधिकारियों ने कहा कि फाइल का वह हिस्सा जो दूषित रिश्वत राशि के संपर्क में आया था, रासायनिक परीक्षण में सकारात्मक परिणाम आया, उन्होंने कहा कि रेड्डी ने अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्य को अनुचित और बेईमानी से किया।

## राज्य सरकार ने कालोजी नारायण राव पुरस्कार 2024 के लिए समिति का गठन किया

**हैदराबाद, 03 सितम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित कालोजी नारायण राव पुरस्कार के विजेता का चयन करने के लिए प्रसिद्ध कवि एंडेसरी के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति में प्रसिद्ध साहित्यकार एनुगु नरसिम्हा रेड्डी, संगनाभटला नरसैय्या और पोटलापल्ली श्रीनिवास सदस्य हैं, जबकि ममीदी हरिकृष्ण सदस्य संयोजक हैं। भाषा एवं संस्कृति विभाग की सिफारिशों के आधार पर राज्य सरकार ने इस समिति के गठन के लिए आधिकारिक आदेश जारी किया। प्रतिष्ठित जन कवि और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता कालोजी नारायण राव के नाम पर कालोजी नारायण राव पुरस्कार हर साल किसी प्रतिष्ठित साहित्यकार को दिया जाता है।

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
भोलाराम पंवार
सचिव, सीरवी समाज शमशाबाद
राम किराणा स्टोर, कंदुकूर

।।विश्व शांति, लोक कल्याणार्थ, सर्व कामना हेतु ।।
एक वर्षीय अखंड श्री रामचरितमानस पारायण
कार्यक्रम स्थल : श्री रंगनाथ मंदिर, नैमिषारण्य धाम, सीतापुर (उ.प्र.)
मंगला शासन
ऑनलाइन संकल्प रामायण एक दिवस ब्राह्मण भोज रु.1500/-
अष्ट बैकुंठ श्री नैमिषारण्य धाम में शुक्रवार दि. 30 अगस्त 2024 को प्रारंभ कर अगस्त 2025 तक समापन में यज्ञ किया जाएगा।
ऑनलाइन संकल्प एक दिवसीय सहयोगी : एक यजमान न्योछावर राशि रु. 3100/-
आज के यजमान : 04-09-2024
डॉ. अनंत कावरा जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई
अतिविशिष्ट यजमान : श्रीमती अरुणा किशोर अग्रवाल
विशिष्ट यजमान : तिरुमला वेंकटाचार्य कांति रेखा
संकल्पकर्ता :श्री जगन्नाथ मठ एवं श्री रंगनाथ मंदिर नैमिष धाम
मठाधिपति अच्युत रामानुजाचार्य स्वामी (मो. 8099563154)
मार्गदर्शक सहित
वेणु गोपाल लोया, कैलाश नारायण भांगडिया, श्रीगोपाल सोनी, डी.पी. शर्मा, नीरज यादव, कलावती जाजू, कांता देवी भांगडिया, महेंद्र सिग्नोडिया, ऊषा अग्रवाल, चक्रवर्ती ट्रिया रमणा, ओमप्रकाश खंडेलवाल, पी. सुब्बा राव, रमेश गुप्ता, जसमत पटेल, श्री वैष्णव सत्संग मंडल एवं जगन्नाथ मठ परिवार
दीनबंधु अग्रवाल (रामायण पठन समिति - 9963910401), भरत कलंत्री (9440061537), वेणुगोपाल खंडेलवाल (9908222206)

।। जय बाबा की ।। ।। ॐ श्री गणेशाय नमः ।। ।। श्री हनुमंताय नमः ।।
संस्था के संस्थापक प्रेरणा स्तोत्र बह्मलीन
भादवा सुदी 2, गुरुवार, 5 सितम्बर 2024 रात्रि 8.31 बजे से
श्री बाबा रामदेवजी महाराज का जन्मोत्सव एवं 64वाँ विशाल जागरण
शुभ स्थल : महबूब कॉलेज ग्राउण्ड, आर.पी. रोड, सिकन्दराबाद (तेलंगाना)
प्रमुख भजन गायक :
श्री धनराज जोशी, श्री प्रकाश माली, श्रीमती पिंकी गहलोत (अजमेर), श्री शुभम बीखनीया, श्री मानाराम जी
श्री महावीर साँखला, श्री विक्रम प्रजापत, श्री अमित नागोरी, श्री विशाल श्रीमाली (बिडासनी, जोधपुर)
श्री कमल दाहिमा, श्री राजू मूरारी दाहिमा, श्री संजय दाहिमा, श्री रवि सिंग, श्री घनश्याम भाई, श्री दिपेश जोशी, श्री सुनिल जयलवाल, श्री विजय जाजू, श्री सुशील बजाज, श्री नंदकिशोर व्यास, श्री पंकज ओझा, श्री श्याम तिवारी, श्री रविकांत तिवारी, श्री रवि सिंह ठाकुर, श्री आशीष शर्मा
इस अवसर पर आप सभी सह परिवार सादर आमंत्रित है। लंगर एवं प्रसाद का लाभ लेवें।
अध्यक्ष गज्जू भाई कोलरिया | उपाध्यक्ष जवाहरमल जैन | उपाध्यक्ष शरद ठाकुर | महामंत्री धीरेन्द्र कुमार जैन | महामंत्री प्रशांत गुलेचा
उप मंत्री नीलेश बैद | उप मंत्री संजय कटारिया | कोषाध्यक्ष अजय वर्मा | कोषाध्यक्ष कमल जैन | कोषाध्यक्ष सुरेश माली परिहार | सहयोग मंत्री विक्रम लोहार | सहयोग मंत्री प्रभु सिंह राठौड
सहयोग मंत्री : राजेश माली, महेन्द्र सिंह सिरवी, सुरेश कोलरिया, सतपाल चौधरी, भगवान माली, पुखराज माली, अम्बालाल माली, कानाराम माली, विजय कोलरिया
निवेदक : श्री बाबा रामदेव मित्र मण्डल, सिकन्दराबाद.
सम्पर्क सूत्र : 9959003218, 9248062111, 9849589990
सदस्य : सुरेश चौधरी, श्याम पांडिया, अशोक कावाडिया, अमित जोशी, राम किशोर कुमावत, घनश्याम उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय,राधेश्याम तिवारी, ओम प्रकाश व्यास, पूनमचंद वर्मा, हरीश इनानी, सौरव लुनिया, श्याम बोरा, पी. सुनील, मुकेश जैन, पब्बा श्रीनिवास,नेमी मखाना, जयप्रकाश कोलरिया, हरीश अग्रवाल, दिलिप रांका, सुशील अग्रवाल, नवरंग लाल साहनी, किशोर रावल, जयकिशनउपाध्याय, आनंद मखाना, रामकुमार प्रजापत, नंदकिशोर उपाध्याय, सत्यनारायण करके, विनोद कुमार सांबाला, अमर उस्ताद मानसिंह,अरुण सिंह, गोपाल व्यास, प्रकाश व्यास, चेनाराम प्रजापत, सुरेश जाट, गोपी किशन पांडिया, रामकिशोर झावर, चेतन बोगानी, निकुंज शराफ, रमेश वैष्णाव, कमल अरोग्य, अमीत सिंह, राम अवतार, विजय चौधरी, मधुराम गहलोत, हीरालाल सिरवी, मिश्रीलाल कुमावत, हेमंत सिरवी, जितेन्दर गहलोत, गोविंद चौधरी, जितेन्दर सिरवी, चंदू चौधरी, भूमेश सिरवी, सुरेन्द्र शर्मा, सुनील सेन, श्रवण सिंह राठौड़, महेश उपाध्याय (लड्डू), अशोक उपाध्याय, संजय उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, विष्णु कोलरिया, विक्रम चौबे, सुभाष कोलरिया, अजय व्यास, मुकेश जोशी, चेतन तिवारी, नरेश पाड्या, श्रीराम उपाध्याय, राजु नागला, नटवरलाल व्यास, दीपक सोनी, अनिल कोठारी, पोनल साई कुमार, अशोक कोलरिया, धर्मवीर कोलरिया, दिनेश सोनी, अर्जुन कोलरिया, राजेश मालपानी, डोलाराम जाट, विजय जाजू, संजू चौधरी, राकेश सिरवी, नेमीराम सिरवी, हरियंत जैन, मधुकर यदला, प्रभुराम प्रजापत,कार्तिक व्यास.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.